तापमान

अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 7 नवंबर 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]



11 सरकारी आवासों पर मनमानी पात्र कर्मचारी आवास से वंचित





12 आधार की गड़बड़ी से अटका अपार मिशन





## खबर संक्षेप

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

**धमतरी।** डड़सेना सिन्हा (कलार) समाज मंडल के तत्वावधान में युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं पारिवारिक मिलन समारोह 7 दिसम्बर को सिन्हा समाज भवन धमतरी में होगा। आयोजन की तैयारी में संतोष कुमार सिन्हा, यशवंत सिन्हा, रामजी सिन्हा, हेमशंकर सिन्हा सहित सिन्हा समाज मंडल धमतरी के सदस्य जुटे हुए हैं।

### मवेशी से टकराकर युवक की मौत

**मगरलोड।** राजपुर निवासी देवव्रत पिता जीवन यदु का निधन मवेशी से टकराकर हो गया। 5 अक्टूबर की



रात्रि 8 बजे देवव्रत अपनी मोटरसाइकिल से अपने निजी कार्य के लिए जाने निकला था। वह अपने घर से कुछ दूरी पर यात्री प्रतीक्षालय के पास अचानक सामने से आ रहे मवेशी से टकराकर गिर गया। उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### रक्षित केंद्र में ट्रेड टेस्ट का आयोजन 17 से

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती आरक्षक-चालक एवं आरक्षक-ट्रेडमेन का ट्रेड टेस्ट रक्षित केन्द्र में 17 से 19 नवम्बर तक रखा गया है। छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर द्वारा जिला पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग में रिक्त पदों की सीधी भर्ती के लिए 4 अक्टूबर 2023 को विज्ञापन जारी कर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। इसके अंतर्गत आरक्षक(चालक) एवं आरक्षक (ट्रेडमेन) (इलेक्ट्रिशियन, टेलर, डीआर, कुक, स्वीपर, धोबी, नाई एवं मोची) के पदों के लिए पात्र अभ्यर्थियों के लिए ट्रेड टेस्ट 17, 18 एवं 19 नवम्बर को रक्षित केन्द्र धमतरी में आयोजित किया गया है। यह ट्रेड टेस्ट राज्य के विभिन्न परीक्षा केन्द्र रायपुर, धमतरी, दुर्ग, खैरागढ़, बिलासपुर, रायगढ़, अम्बिकापुर, जगदलपुर एवं कोण्डागांव में होगा। ट्रेड टेस्ट एक व्यावसायिक परीक्षा है जो किसी विशिष्ट पेशा या व्यवसाय में व्यक्ति की योग्यता और कौशल का मूल्यांकन करता है।

### बड़ी संख्या में किसानों का नहीं हुआ है एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन

# धान खरीदी के लिए पंजीयन का आप्शन एक सप्ताह से बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

धान खरीदी को लेकर समस्या एक के बाद एक समस्या आ रही है। किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन तो हो रहा है, लेकिन किसान एकीकृत पोर्टल में पंजीयन का आप्शन अक्टूबर के बाद से खुल नहीं रहा है। ऐसे में किसानों का धान खरीदी पंजीयन अधर में हैं।

धान खरीदी के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर थी। इस तिथि में बड़ी संख्या में किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया था। खबर मिली थी कि पंजीयन की तिथि बढ़ाई गई है, लेकिन अब तक इसके लिए न तो अधिकृत कोई सूचना आई है और न ही पोर्टल को खोला गया है। जानकारी के अनुसार एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से ही किसानों से धान की खरीदी की जाएगी। इसमें पंजीकृत किसानों की सूची ही धान खरीदी के लिए मान्य है, लेकिन 31 अक्टूबर के बाद इस पोर्टल में किसानों के पंजीयन का आप्शन बंद कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल 1 लाख 28 हजार किसानों ने धान खरीदी के लिए पंजीयन कराया था। इस साल पंजीयन को लेकर किसानों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ा। नियमों में बदलाव के लिए बड़ी संख्या में किसान पंजीयन नहीं करा पाए हैं। अंतिम तिथि तक करीब 1 लाख 15 हजार किसानों का ही पंजीयन हो पाया था। पंजीयन नहीं होने की स्थिति में बड़ी संख्या में किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचने से चूक जाएंगे।



#### असमंजस में किसान

धान खरीदी केंद्रों में किसानों का दो प्रकार का पंजीयन किया जा रहा है। पहला एग्रीस्टेक पंजीयन है जो किसानों को केंद्र सरकार से जोड़ता है। इस पंजीयन से किसानों को काफी लाभ मिलेगा। वे एग्रीटेक स्टार्ट अप के रूप में पंजीकृत हो जाएंगे। पहचान, भूमि रिकॉर्ड, आय और फसल की जानकारी शासन तक पहुंचेगी और किसान को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। दूसरा पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल में किया जा रहा है। यह पंजीयन किसानों को राज्य सरकार से जोड़ता है। इस पंजीयन के माध्यम से किसानों को राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिलेगा। धान खरीदी के लिए जानकारी एकीकृत किसान पोर्टल से ली जानी है।

#### आप्शन के खुलने का इंतजार

धान खरीदी से पहले किसान टोकन लेने के लिए खरीदी केंद्र पहुंचने लगे हैं लेकिन अब तक पोर्टल में टोकन का आप्शन ही नहीं आया है। कई किसान धान की कटाई कर चुके हैं। ऐसे में वे धान को जल्द बेचने के लिए टोकन का आप्शन खुलने का इंतजार कर रहे हैं। धान खरीदी शुरू होने में मात्र 9 दिन शेष हैं, ऐसे में यदि जल्द ही टोकन का आप्शन नहीं आता है तो खरीदी केंद्रों में टोकन लेने के लिए किसानों की भीड़ लगनी शुरू हो जाएगी। राहत की बात है कि इस साल भी किसानों को टोकन के लिए आफलाइन और ऑनलाइन दोनों प्रकार का आप्शन दिया जाएगा।

# किसानों की चोरी हुई ट्रालियां बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

■ मगरलोड पुलिस और साइबर टीम की संयुक्त कार्यवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



किसानों के हित में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली चोरी के मामलों का पर्दाफाश किया है। मगरलोड पुलिस और साइबर टीम की संयुक्त कार्रवाई में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई लगभग 10 लाख 30 हज़ार की संपत्ति बरामद की गई है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में मगरलोड थाना क्षेत्र सहित अन्य जगहों से चोरी हुई ट्रालियां, ट्रैक्टर हल और घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार मगरलोड निवासी एक किसान ने 3-4 अक्टूबर 2025 की रात अपनी लाल रंग की ट्रैक्टर ट्राली चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट पर थाना मगरलोड में 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

एसपी के निर्देश पर बनी टीम ने तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर की जानकारी के आधार पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जिनमें शोएब खान उर्फ राजा (29 वर्ष) निवासी कमईपुर, देवनारायण ध्रुव (21 वर्ष) निवासी कमईपुर, मोहम्मद आबिद रिजवी (27 वर्ष) निवासी कांकेर शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने मगरलोड, सोनझरी और कसारवाही क्षेत्र से ट्रैक्टर व ट्राली चोरी करने की बात स्वीकार की। आरोपियों से कुल 10 लाख से अधिक की संपत्ति जब्त की गई।

इस कार्रवाई में पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नीली ट्रैक्टर ट्राली कीमत 1.50 लाख धनगांव, बालोद से, हरी ट्रैक्टर ट्राली कीमत 2.50 लाख चिचालगोंदी, अर्जुन्दा से लोहे का ट्रैक्टर हल कीमत 30 हजार, धमतरी-नगरी रोड से चोरी में प्रयुक्त पिकअप वाहन सीजी-27-एच-2669 6 लाख कुल 10 लाख 30 हजार की सम्पत्ति जब्त की गई है।

जांच में यह गिरोह थाना दुगली क्षेत्र की दो अन्य चोरी की घटनाओं में भी शामिल पाया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अन्य जिलों से जुड़े मामलों की भी जांच कर रही है।

# सड़क पार करते बस की चपेट में आया हिरण, मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगर के मेन रोड वार्ड क्रमांक-1 हरदीभाठा चौक के पास गुरूवार की सुबह सड़क पार कर रहे हिरणों के झुंड में से एक हिरण यात्री बस की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी तेज थी कि हिरण की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मृत हिरण के शव को कब्जे में लेकर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई प्रारंभ की। विभागीय सूत्रों के अनुसार यह क्षेत्र घने जंगलों से घिरा हुआ है, जहां अक्सर हिरणों और अन्य जंगली जानवरों का विचरण देखा जाता है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सड़क किनारे स्थित वन क्षेत्र से जंगली जानवर अक्सर सड़क पार करते हैं, जिससे इस मार्ग पर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से इस क्षेत्र में गति नियंत्रण बोर्ड तथा चेतावनी संकेतक लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# सहकारी बैंक के कर्मचारी हड़ताल पर, कामकाज ठप

■ वेतन वृद्धि न मिलने से नाराजगी, मांग पूरी नहीं होने पर 12 से अनिश्चितकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



लगातार पांच वार्षिक वेतन वृद्धि स्वीकृत होने के बावजूद वेतन न मिलने से नाराज जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के कर्मचारियों ने गुरुवार को एक दिवसीय हड़ताल कर काम बंद रखा। इससे जिले की सभी 11 शाखाओं में बैंकिंग कार्य प्रभावित रहा और ग्राहकों को लौटना पड़ा।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारी संघ रायपुर के अध्यक्ष मोहनलाल साहू ने बताया कि बैंक प्रबंधन ने 1 अप्रैल से प्रभावी वेतन वृद्धि का आदेश जारी नहीं किया, जबकि पंजीकृत सरकारी संस्थान रायपुर की ओर से इस संबंध में पहले ही वेतन निर्धारण आदेश जारी किया जा चुका है। कर्मचारियों का आरोप है कि बंधन कार्य आदेश के नाम पर वृद्धि को जानबूझकर रोका गया, जबकि पवनाथन कमेटी की सिफारिशें किसी भी सहकारी बैंक में लागू नहीं हैं।

उन्होंने बताया कि कर्मचारियों ने पहले ही बिलासपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें अदालत ने 2021 से वेतन वृद्धि देने का आदेश दिया था। लेकिन उस आदेश की 90 दिन की समय-सीमा समाप्त होने के बावजूद बैंक प्रशासन ने अब तक कार्रवाई नहीं की। इसे कर्मचारी न्यायालयीन अवमानना मानते हुए चरणबद्ध आंदोलन पर उतर आए हैं।

प्रारंभ में कर्मचारियों ने रोज़ाना एक घंटे की कलमबंद कर नारेबाजी की थी। लेकिन कोई ठोस परिणाम न मिलने पर अब वे एक दिवसीय सामूहिक अवकाश पर चले गए। गुरुवार को बैंक मुख्यालय और शाखाओं में कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर वेतन वृद्धि जल्द जारी करने की मांग दोहराई।

कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर शासन या बैंक प्रबंधन ने जल्द निर्णय नहीं लिया, तो 12 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। ऐसी स्थिति में धान खरीदी के बाद किसानों के भुगतान पर असर पड़ सकता है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर सीधा प्रभाव पड़ेगा। हड़ताल में किशन यदु, कृष्ण कुमार साहू, योगेन्द्र ठाकुर, चंद्रभान साहू, फकीरा खान, टिकेन्द्र बैस, रविकुमार साहू, अशोक कुमार साहू, वेदराम साहू, स्मिता अखिलेश, महेन्द्र गौर सहित सभी शाखा प्रबंधक एवं कर्मचारी शामिल रहे।

# भखारा मार्ग में 10 मिनट में दो सड़क दुर्घटना





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

■ तीन बाइक टकराई, कार पलटी

भखारा मार्ग में कोसमर्रा केपास 10 मिनट में दो बड़ी सड़क दुर्घटना हो गई। पहली घटना में तीन बाइक में भिड़ंत हुई वहीं दूसरी घटना में हाईस्पीड कार खेत में उतरकर पलट गई।

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम भानपुरी-रांवा निवासी गणेशराम साहू पिता रूहेला उम्र 50 वर्ष गुरूवार को अपनी पत्नी रामेश्वरी साहू उम्र 45 वर्ष के साथ उपचार कराने बाइक से भखारा जा रहा था। इसी दौरान भखारा मार्ग में दूसरी बाइक में सवार दो लोग गुजर रहे थे। इसी दौरान ग्राम कोसमर्रा के पास दोनों बाइक में टक्कर हो गई तभी तीसरी बाइक भी आकर टकरा गई। घटना में दंपति को गंभीर चोट लगी है वहीं दूसरी बाइक के सवारों को भी चोट आई है जबकि तीसरी बाइक में सवार दो युवक मामूली रूप से घायल हुए हैं। घायलों को घटनास्थल पर तड़पता छोड़ दोनों युवक अपनी बाइक से भाग गए। घायलों को उपचार के लिए भखारा अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर चोट को देखते हुए पति-पत्नी को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया वहीं दो घायलों का भखारा अस्पताल में उपचार किया गया। भखारा लोकेशन की संजीवनी 108 की मदद से घायल पति-पत्नी को जिला अस्पताल लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। इस घटना के 10 मिनट बाद कुछ दूरी पर कार क्रमांक सीजी 05 एएल 4006 अनियंत्रित होकर खेत में उतरकर पलट गई। बताया जा रहा है कि बाइक सवार को बचाने के चक्कर में यह घटना हुई। कार के पलटने से सवारों को चोट नहीं लगी है। गौरतलब है कि बुधवार की शाम उसी स्थान पर ग्राम तरसींवा के युवक को अज्ञात बुलेट चालक ठोकर मार फरार हो गया था।

# बरारी में महुआ शराब बनाने और बेचने वालों पर कार्रवाई की मांग



■ बच्चे हो रहे शराब के आदी, घर-घर झगड़ा-लड़ाई हुई आम बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम पंचायत बरारी में महुआ शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ ग्राम विकास समिति ने एसपी से शिकायत की है। समिति के अध्यक्ष रोशन मरकाम, सचिव धनाराम निषाद, कोषाध्यक्ष चैनुराम, गुलाब सिंह, गोपीचंद आदि ने एसपी के नाम सौंपे आवेदन में कहा है कि गांव के कुछ लोगों द्वारा अवैधानिक तरीके से महुआ शराब गांव में ही बेची जा रहा है जिसके कारण छोटे-छोटे बच्चे भी शराब के आदी होते जा रहे हैं। गांव के चौक-चौराहों में शराब का सेवन सामूहिक रूप से किया जा रहा है। घर-घर झगड़ा-लड़ाई, गाली गलौज आम बात हो गई है। महिलाओं को आने-जाने में तकलीफ हो रही है। समिति ने शराब बनाने वालों पर उचित कार्रवाई कर गांव में महुआ शराब बनाने पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

# जालमपुर में एक और मोबाइल टॉवर लगाने का विरोध

■ पार्षद के नेतृत्व में वार्डवासियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



जालमपुर में एक और मोबाइल टॉवर लगाने का वार्डवासियों ने खुलकर विरोध किया है। पार्षद के नेतृत्व में बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए मोबाइल टॉवर लगाए जाने पर आपत्ति जताई है।

पार्षद संजय कुमार देवांगन के नेतृत्व में कलेक्टोरेट पहुंचे वार्डवासियों ने बताया कि जालमपुर घनी आबादी वाली बस्ती है जहां पर पहले से ही दो मोबाइल टॉवर लगे हुए हैं। इन टॉवरों के माध्यम से वार्डवासियों को पर्याप्त नेटवर्क मिल रहा है। अब वार्ड में एक और मोबाइल टॉवर लगाने की तैयारी की जा रही है। इससे वार्ड में रेडिएशन बढ़ने का खतरा है। घनी आबादी होने के कारण बड़ी संख्या में लोग रेडिएशन से प्रभावित होंगे। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी वे मोबाइल टॉवर लगाए जाने का विरोध कर चुके हैं। उन्होंने कलेक्टर से मोबाइल टॉवर को जालमपुर की जगह दूसरी जगह पर लगाने की मांग की है।

### नवा रायपुर में राज्य अलंकरण समारोह में उपराष्ट्रपति ने किया सम्मानित

# जिले के युवा कृषक थनेंद्र को मिला डॉ. खूबचंद बघेल पुरस्कार

■ कलेक्टर ने कहा : वे अन्य किसानों को भी जैविक खेती के लिए प्रेरित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी




कृषि नवाचार और उन्नत खेती के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाले धमतरी जिले ने एक बार फिर गौरव हासिल किया है।

जिले के ग्राम हथबंध विकासखण्ड कुरूद के उन्नतशील एवं जैविक कृषक थनेंद्र साहू को राज्य स्तरीय डॉ. खूबचंद बघेल पुरस्कार प्रदान किया गया है। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने 5 नवंबर को नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के राज्य अलंकरण समारोह में छत्तीसगढ़ के 34 अलंकरण से विभिन्न क्षेत्रों से उत्कृष्ट योगदान देने वाले 37 विभूतियों एवं 4 संस्थाओं को सम्मानित किया। उनमें धमतरी जिले के ग्राम हथबंध के उन्नतशील एवं जैविक कृषक थनेंद्र साहू को राज्य स्तरीय डॉ. खूबचंद बघेल पुरस्कार प्रदान किया गया।

गुरुवार को किसान थानेंद्र साहू ने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से भेंट की। इस अवसर पर कलेक्टर ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे जिले के अन्य किसानों को भी जैविक खेती की ओर प्रेरित करने में सहयोग करें एवं उनके प्रेरणास्त्रोत बनें। उन्होंने श्री साहू से उनके कृषि नवाचारों तथा भविष्य में किए जाने वाले प्रयोगों की जानकारी भी ली। इस अवसर पर उप संचालक कृषि मोनेश साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# हरे-भरे 100 से ज्यादा पेड़ों को उखाड़ने की शिकायत

**धमतरी।** पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से नाराज बसपा के कार्यकर्ता ने कलेक्टर, एसपी और डीएफओ से शिकायत करते हुए इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि गांव के तीन लोगों ने 100 से ज्यादा पेड़ों को जड़ से उखड़वा दिया है, जिसे लेकर पूरे गांव में नाराजगी है। गुरुवार को बहुजन समाज पार्टी का कार्यकर्ता जितेंद्र कुमार मरार कलेक्टोरेट पहुंचा।



कलेक्टर से शिकायत करते हुए उसने बताया कि वह भखारा क्षेत्र के ग्राम भेंडरवानी का रहने वाला है। उसके गांव में पेड़ों को भगवान की तरह पूजा जाता है। ग्रामीण पेड़ों को भरपूर संरक्षण देते हैं। यही कारण है कि पूरे गांव में पेड़ों की काफी संख्या है। 28 अक्टूबर को गांव के ही तीन व्यक्तियों ने जेसीबी मशीन बुलाकर निजी स्वार्थ के लिए गांव में लगे 100 से ज्यादा हरे भरे फलदार पेड़ों को जड़ से उखड़वा दिया। सुबह से रात तक पेड़ों को उखाड़ा गया। इससे ग्रामीणों की भावना आहत हुई है। उसने इस मामले में दोषी लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की मांग की है।


हरिभूमि
## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### टैक्सी ड्राइविंग का मिलेगा प्रशिक्षण

**धमतरी।** राज्य शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में टैक्सी ड्राइवर कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के दसवीं पास इच्छुक युवाओं से 15 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज के सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में जमा कर सकते हैं। अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 15 नवम्बर को सुबह 10 बजे से लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में होगी।

## निधन

### छन्नूराम साहू

**मगरलोड।** ग्राम मेघा निवासी छन्नूराम साहू उम्र 55 वर्ष का



निधन 6 नवंबर गुरुवार को हो गया। वे अपने पीछे मां नानकीबाई, पत्नी दशमतीबाई, पुत्र दौलत, लुकेश्वर, सूर्यकांत सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीणजन, सामाजिकगण एवं व्यापारी गण उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

### प्यारेलाल देशमुख

**मगरलोड।** ग्राम बोड़रा निवासी



प्यारेलाल देशमुख उम्र 55 वर्ष का निधन 1 नवंबर शनिवार को हो गया। श्री देशमुख वर्तमान में ग्राम पंचायत भोथीडीह में पंचायत सचिव के पद पर पदस्थ थे। वे वनरक्षक चन्द्रभान देशमुख व पशु चिकित्सक निखिलेश देशमुख के पिता थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीणजन, सामाजिकगण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

### ठेकेदार की लापरवाही के कारण पानी के लिए तरस रहे चारभाठा के ग्रामीण

# रोड निर्माण के दौरान टूटी पाइप लाइन, ग्रामीणों में बढ़ा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम गाड़ाडीह से नारी तक रोड निर्माण किया जा रहा है जिसमें रोड ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा ग्राम चारभाठा के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। रोड निर्माण के चलते खनन के दौरान नलजल विस्तार के लिए बिछी पाइपलाइन को विभिन्न जगहों से तोड़ दिया गया है और उसे मलबा और गिट्टी से भर दिया गया है। इस कारण टूटे पाइप से लगातार पानी रोड पर बह रहा है।

पाइप के टूटने से ग्रामीणों के घरों में पानी की सप्लाई बाधित हो गई है और बूंद बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है। सरपंच प्रतिनिधि नेमचंद देवांगन और नलजल ऑपरेटर प्रफुल्ल राव ने बताया कि 2 महीने पहले ही खुदाई के दौरान पाइप को तोड़ दिया गया है जिसके चलते ग्राम चारभाठा में पानी की भरपूर मात्रा होने के बाद भी



पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। आगे सरपंच प्रतिनिधि ने बताया कि रोड निर्माण करने वाले ठेकेदार को इस समस्या से बार-बार अवगत कराने पर भी ध्यान नहीं दिया और ग्रामीणों की समस्या को दरकिनार कर निर्माण कार्य को गति दे रहा है। रामगढ़पारा, स्कूलपारा, गौरा चौक पारा, सतनाम पारा सहित पूरे बस्ती में गंभीर मुसीबत बनी हुई है।

ग्रामीण संतोष साहू, जगदीश साहू, टीकम साहू, मिलन साहू, फूलेश्वरी साहू ने बताया कि पहले 3 ट्यूबवेल से पानी की भरपूर सप्लाई मिल रही थी। रोड निर्माण के चलते पाइप टूटने से नल कनेक्शनधारियों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। रोड पर ही व्यर्थ बह रहा है। पानी सप्लाई की समस्या लगातार बने होने से ग्रामीणों में हाहाकार मचा हुआ है। चारभाठा के ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने कहा कि टूटी हुई पाइपलाइन को नहीं सुधारा गया तो रोड ठेकेदार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया जायेगा।

# राजाडेरा जलाशय के टूटे बंड की मरम्मत शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

राजाडेरा जलाशय का टेल एरिया दो अक्टूबर को टूट गया था। ज्ञात हो कि इस बार बेहतर बारिश होने से जलाशय में 90% जलभराव हो गया था। जलाशय के बंड टूटने से 40% पानी नदी नाले में बह गया। बंड टूटने पर प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया और जल संसाधन विभाग उच्च अधिकारी ने जलाशय का निरीक्षण कर पानी रोकने के उचित इंतजाम करने के निर्देश दिये। पानी का बहाव कम होते ही बंड की मरम्मत में जल संसाधन के उच्च अधिकारी जुट गए हैं।

जल संसाधन विभाग के अधिकारी प्रदीप नादिया ने बताया कि जलाशय में बंड मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। शासन से अभी राशि की स्वीकृति नहीं मिली

**अधिकारियों की निगरानी में हो रहा मरम्मत का कार्य**



है। मरम्मत कार्य में 2 चेन माउंटेन मशीन, हाईवा वाहन एवं पांच ट्रैक्टर लगे हुए हैं जो जलाशय स्थल में मिट्टी परिवहन कर बंड का निर्माण कर रहे हैं। कार्य स्थल में जल संसाधन विभाग के ईई प्रदीप नादिया सहित एसडीओ रविंद्र कुंजाम, इंजीनियर मौजूद है। उनके दिशा निर्देशन में रिपेयरिंग का कार्य तेज गति से चल रहा है।

# बेलर तहसील कार्यालय समय पर नहीं खुल रहा




- गुरुवार को 10:30 बजे तक ताला लटक रहा था

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नवगठित बेलर तहसील कार्यालय में शासन-प्रशासन के नियमों का पालन होते नहीं दिखाई दे रहा है। गुरुवार को 10:30 बजे तक तहसील कार्यालय का मुख्य द्वार बंद मिला। वहां ताला लटक रहा था। कार्यालय आए कुछ लोग शायद आज छुट्टी होगी समझकर वे निराश होकर लौट गए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सभी विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कार्यालय निर्धारित समय पर खोले जाएं और आमजन के कार्यों में लापरवाही न बरती जाएं। बेलर तहसील में वर्तमान में तहसीलदार, दो बाबू, एक चपरासी, एक कोटवार और तीनआरआई पदस्थ हैं, परंतु समय पर कोई भी कर्मचारी उपस्थित नहीं था।

# अब गांव को मिलेगा अपना साझा मंच

- गट्टासिल्ली में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम गट्टासिल्ली में लंबे समय से प्रतीक्षित सामुदायिक भवन निर्माण का कार्य आखिरकार शुरू हो गया। भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने किया।

मुख्य अतिथि श्री सार्वा ने कहा कि यह भवन केवल एक संरचना नहीं, बल्कि ग्राम की एकता और प्रगति का प्रतीक होगा। इसमें गांव के हर वर्ग, हर समाज को समान अवसर मिलेगा। चाहे सांस्कृतिक कार्यक्रम हों, विवाह समारोह, ग्राम सभाएं या प्रशिक्षण कार्यक्रम यह भवन सभी के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। आगे कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा है कि ग्रामीण अंचल में हर गांव में ऐसे सामुदायिक स्थल बनें जहां लोग अपने सुख-दुख साझा कर सकें



और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करें।

उन्होंने आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इसका लाभ उठा सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच रामकुमार सामरथ ने की। उन्होंने कहा कि अब तक हमारे गांव में कोई ऐसा मंच नहीं था जहां सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकें। इस भवन के बनने से गांव के विकास को नई दिशा मिलेगी। विशेष अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव, जनपद सदस्य प्रेमसिंह सलाम, भाजपा कुकरेल मंडल अध्यक्ष संजय मरकाम, सरपंच सराईटोला हृदय नेताम, सरपंच खैरभरी अरुण कोर्राम, सरपंच गोविंदपुर उमेश्वरी नेताम, शिवप्रसाद नेताम, सोनकुंवर नेताम, ग्राम पटेल पुष्पराज पटेल मौजूद थे।

# सिवनीकला स्कूल की आकांक्षा का अंडर-17 क्रिकेट में चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बगदेही(धमतरी)

25वीं राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता अन्तर्गत शास. उच्च. माध्य. विद्याय सिवनीकला के कक्षा 10 वीं की छात्रा आकांक्षा कुर्रे पिता ओमप्रकाश कुर्रे व्याख्याता भाठागांव का चयन अंडर-17 बालिका क्रिकेट में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता कांकेर के लिए हुआ है। खेल शिक्षक जेके साहू ने बताया कि यह प्रतियोगिता कांकेर में 9 नवंबर तक आयोजित है।

इनके चयन पर प्राचार्य टीआर पटेल, वरिष्ठ व्याख्याता एनएस साहू, श्रीमती पी. ठाकुर, श्रीमती आर. कोसरे, श्रीमती एस.मारकण्डे, श्रीमती टी. साहू, सुश्री आर. पैकरा, सुश्री के. साहू, डीडी निर्मलकर, डीआर बंजारे, केके गायकवाड़, एचके साहू, एके साहू, जेके साहू, श्रीमती एस. साहू, प्रकाशचंद यादव, माध्यमिक शाला की प्रपा श्रीमती एल. साहू, डीके साहू, श्रीमती एम.नरेटी, श्रीमती एस. साहू, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टकेश्वर चन्द्राकर, उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू, जनपद सदस्य टेकराम साहू, सरपंच लता ध्रुव, उपसरपंच दीपदान साहू, सांसद प्रतिनिधि सुशील साहू, विधायक प्रतिनिधि कपिल पटेल, सुरेश तारक, विक्रम साहू, दिलीप साहू, सुरेश साहू, खिलावन चन्द्राकर, कुंजीलाल साहू, सुरेश साहू, ज्योति साहू ने हर्ष जताया है।

**लोकप्रियकरण कार्यक्रम :** दुर्ग कॉलेज के सूक्ष्म जैविकी विभाग ने जोरातराई स्कूल का किया शैक्षणिक भ्रमण

# सूक्ष्मजीवों के प्रति बच्चों का उत्साह बढ़ाने हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग छत्तीसगढ़ के सूक्ष्म जैविकी विभाग द्वारा लोकप्रियकरण कार्यक्रम अंतर्गत विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने शासकीय हाई स्कूल जोरातराई (सी) में सूक्ष्म जैविकी विषय पर शैक्षणिक विस्तार भ्रमण किया गया।

इस दौरान दुर्ग कॉलेज से पहुंचे प्राध्यापकों एवं पीजी के विद्यार्थियों ने स्कूली छात्र-छात्राओं को सूक्ष्म जैविकी विषय अंतर्गत विभिन्न शिक्षण एवं जागरूकता गतिविधियां जैसे सूक्ष्मजैविकी का शैक्षणिक एवं व्यावहारिक दायरा, रक्त समूह परीक्षण, प्रचलित रोगों के प्रति जनजागरूकता तथा सूक्ष्मदर्शी द्वारा जीवाणु एवं कवक का अवलोकन आयोजित कर विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को शांत करने का प्रयास किया गया। स्कूल के प्राचार्य आरके मिश्रा ने बताया कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए



ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। इसने उनमें वैज्ञानिक जिज्ञासा एवं प्रयोगात्मक दृष्टिकोण को विकसित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

भ्रमण पर पहुंचे विभागाध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी ने बताया कि सूक्ष्मजीव मनुष्यों, अन्य जानवरों और उन पौधों को जीवन-रक्षक सेवाएं प्रदान करते हैं जिनमें वे निवास करते हैं, और जैव-भू-रासायनिक चक्रों को संचालित करके पृथ्वी की जीवन-रक्षक प्रणाली का निर्माण करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि सूक्ष्म जैविकी में एक रोमांचक और पुरस्कृत करियर बनाया जा सकता है, जिसमें विकास और विशेषज्ञता के भरपूर अवसर हैं। यह क्षेत्र स्वास्थ्य सेवा, अनुसंधान, उद्योग और पर्यावरण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी के अवसर प्रदान करता है।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापकगण मृणालिनी सोनी, के. यशोदा, परिचारक वेदराम साहू, पूर्व प्राचार्य दयालु राम साहू, ओपी मिथिलेश, दीपिका यादव, टीआर साहू, दुर्गेश्वरी साहू, नेमसिंग साहू, प्रधानपाठक सुदामा साहू, जीके साहू के अलावा कॉलेज एवं स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# राज मानस संघ का वार्षिक सम्मेलन 9 को



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

श्री राजमानस संघ धमतरी का वार्षिक सम्मेलन एवं कार्यकारिणी का मनोनयन 9 नवम्बर को रिसार्ट रुद्री में होगा।

अध्यक्ष अर्जुनपुरी गोस्वामी, सचिव डॉ जेएल देवांगन एवं प्रवक्ता डॉ भूषणलाल चंद्राकर ने बताया कि प्रातः 9 बजे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। मंच में संगीत टीम के लिए मां विंदेश्वरी महिला मानस मंडली गोकुलपुर का चयन किया गया है। मुख्य अतिथि डां. रोशन उपाध्याय चिकित्सक होंगे। अति विशिष्ट अतिथि अशोक पवार सेवानिवृत प्राचार्य होंगे। अतिथियों द्वारा पौधरोपण किया जायेगा।

कार्यक्रम में श्री राजमानस संघ की कृति डॉ भूषणलाल चंद्राकर के मुख्य संपादन एवं योगेश्वर साहू, महेंद्र साहू के सहसंपादन व संपादक मंडल के मार्गदर्शन में प्रकाशित पत्रिका रघुपति संदेश एवं मानस शक्ति केंद्र ककी मानस मंडली एवं सचिव डॉ जेएल देवांगन, एनआर साहू व कोषाध्यक्ष दानीराम साहू के मार्गदर्शन में छपने वाली पत्रिका का विमोचन किया जायेगा।

# सशक्त समाज के निर्माण में स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान : गीतेश्वरी

- सिलघट में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

राष्ट्रीय सेवा योजना पचपेड़ी इकाई द्वारा नशा मुक्ति समाज के लिए युवा एवं सतत भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना थीम पर सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन शासकीय हाईस्कूल सिलघट के प्रांगण में प्रारंभ हुआ।

शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्वजारोहण के साथ हुआ। शिविर में 31 बालिका एवं 16 बालकों ने भाग लिया। शिविर के उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद थी। अध्यक्षता पूजा राजू सिन्हा सभापति जिला पंचायत धमतरी ने की। विशिष्ट अतिथि डिकेश्वरी हेमंत देवांगन जनपद सदस्य कुरूद, सरपंच कृष्णा चेतन सोनकर, उपसरपंच जीवन सिन्हा, गणेशराम गजपाल अध्यक्ष शाला विकास समिति, सांसद प्रतिनिधि गुलजार राम साहू थे। प्राचार्य रवींद्र कुमार कोसरे ने राष्ट्रीय सेवा




योजना के सिद्धांत एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए इकाई के माध्यम से संपादित किए जाने वाले विभिन्न सेवा कार्यों के बारे में जानकारी दी।

अतिथियों ने स्वयंसेवकों को अनुशासित रहकर सेवा कार्य करते हुए सशक्त समाज के निर्माण में अपने योगदान देने की बात कही। मुख्य अतिथि गीतेश्वरी साहू ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना को समाज सेवा का सशक्त माध्यम बताया। स्वयंसेवकों को सदैव परोपकार के मार्ग पर चलकर समाज हित में कार्य करने की बात कही। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताए मार्ग सत्य और अहिंसा का अनुसरण करने की बात कही। स्वयंसेवकों को स्वच्छता, स्वास्थ्य, नशामुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।

मौके पर नरेंद्र साहू ग्रामीण अध्यक्ष सिलघट, दुर्गेश सिन्हा समाजसेवी, विजय देवांगन, त्रिभुवन सिन्हा, खेमराज साहू, पुष्पा साहू, नंदिनी साहू ,गीता सिन्हा, सेवती सोनकर, राजेश्वरी साहू पंच, गैंदलाल साहू सचिव सिलघट, चेतन सोनकर सरपंच प्रतिनिधि, डॉ राजकुमार साहू, बिशेसर सिन्हा प्रधानपाठक सुपेला, व्याख्याता चंद्रहास साहू, कमलेश कंवर, सुरेश निषाद, सुशील कुमार बघेल, हेमेंद्र मेश्राम, उमेश कुमार शर्मा, नोहर साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी मिथिलेश कुमार सिन्हा एवं आभार प्रदर्शन सहायक कार्यक्रम अधिकारी हरिश्चंद्र पटेल ने किया।

### बाईपास रोड घड़ी चौक के पास करीब 15 हजार वर्गफीट जमीन का चयन, हुआ भूमिपूजन

# प्राइम लोकेशन पर बनेगा कुरुद का नया भाजपा कार्यालय भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरुद नगर के बाईपास रोड के पास प्राइम लोकेशन पर नवीन भाजपा कार्यालय भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर ने भूमिपूजन में शामिल होकर नगर एवं विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं को इस नव निर्माण के लिए शुभकामनाएं दी।

श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि हमारे मार्गदर्शक एवं विधायक अजय चंद्राकर के नेतृत्व में



भाजपा संगठन निरंतर सशक्त हो रहा है। उनके प्रयास से अब कुरूद नगर के विकसित क्षेत्र बाईपास रोड पर सर्वसुविधायुक्त भाजपा कार्यालय का निर्माण होने जा रहा है, जो संगठन के कार्यों को नई दिशा देगा। इस अवसर पर सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नवीन कार्यालय निर्माण को भाजपा संगठन के विस्तार और कार्यकर्ताओं की एकजुटता का प्रतीक बताया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति कुलेश्वरी, डॉ सुनील गायकवाड, मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, लोकेश साहू, रवि सिन्हा, कल्याण सिंह राजपूत, जिला संगठन पदाधिकारी पुष्पेंद्र साहू, आनंद यदु, पंकज सिन्हा, लोकेश्वर सिन्हा, मालक राम साहू, सुरेश अग्रवाल, नोहेन्द्र यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**नए भवन परिसर में होंगी ये सारी सुविधाएं**

विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर ने बताया कि विगत कई साल से नगर के मुख्य मार्ग में स्थित मौजूदा पार्टी दफ्तर से ही भाजपा अपने राजनीतिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों का संचालन कर रही है। लेकिन यहां पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से कई तरह की परेशानी हो रही थी। इसलिए नगर के बाईपास रोड में घड़ी चौक के पास करीब 10 हजार वर्गफीट जमीन का चयन किया गया है, जिसमें भव्य कार्यालय भवन, कव्हर्ड शेड एवं पार्किंग स्थल बनाया जाएगा। 60 बाई 60 वर्ग फीट के बिल्डिंग एरिया में एक छोटा हॉल, ऑफिस, केबिन, स्टोररूम एवं लेटबाथ की व्यवस्था होगी। इसके अलावा 3000 वर्गफीट एरिया में कव्हर्ड शेड युक्त सम्मेलन स्थल तैयार किया जाएगा। कार्यालय के भीतर ही दो और चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग की समुचित व्यवस्था उपलब्ध होगी। मुख्य प्रवेश द्वार बाईपास रोड की दिशा में और रेस्ट हाउस जाने वाली सड़क की ओर भी आने जाने के लिए एक मार्ग होगा।

### समाज के विकास एवं मजबूती पर दिया जोर

**धमतरी।** परिक्षेत्रीय साहू समाज लिमतरा का दीपावली मिलन समारोह परिक्षेत्रीय भवन लिमतरा में हुआ। अध्यक्ष तरुण साहू ने संत माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संरक्षक द्वय उदयराम साहू और हंसराज साहू ने समाज के विकास एवं मजबूती के लिए सतत प्रयास करने की बात कही। अध्यक्ष तरुण साहू ने समाज की दशा, दिशा और बच्चों के संस्कार को लेकर समाज को चिंतन करने की जरूरत बताया। घनश्याम सिंह साहू ने बताया कि ऊपर तल में छात्रावास निर्माण के लिए सांसद से मुलाकात करने, कोलियारी धमतरी के नवनिर्मित कर्मा मंदिर में आगामी कर्मा जंयती मनाने, ब्लड बैंक की सूची तैयार करने तथा मां कर्मा बैंक की स्थापना जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।

**(आदेश 05 नियम 20 सी.पी.सी. के अंतर्गत)**
**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**
**(पीठासीन अधिकारी :- श्रीमती तनुश्री गवेल, जिला-धमतरी छ.ग.)**

रूद्रेश्वर मरकाम .....वादी/आवेदक
// बनाम //
आम जनता वगै. . ..... प्रतिवादीगण/अनावेदकगण
// ईश्तहार//

प्रोसेस क्र.-873/2025 व्य.वा.क्र.-8/2025
पेशी तारीख : 19.11.2025

यह कि वादी/आवेदक रूद्रेश्वर मरकाम ने आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 का इस आशय का प्रस्तुत किया है कि वादी, स्व. श्रीमती लता मरकाम के वैध वारिसान व उत्तराधिकारी हैं तथा स्व. लता मरकाम के शासकीय सेवा के दौरान मृत्यु होने पर देय सम्पूर्ण राशि एवं स्व. लता मरकाम के बैंक खातों में जमा धन राशि वादी प्राप्त करने का अधिकारी है तथा प्रतिवादी क्र. 1 आम जनता को इस पेपर प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता है कि रूद्रेश्वर मरकाम बनाम आम जनता वगै. दावा प्रकरण का प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई इस न्यायालय धमतरी में दिनांक 19.11.2025 को नियत रखा गया है।

प्रतिवादी क्र. 1 आम जनता उक्त दिनांक को स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से जिसे उक्त प्रकरण के संबंध में जानकारी हो तो प्रातः 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब/आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त दिनांक को जवाब/आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने पर प्रकरण की सुनवाई किया जाकर आदेश पारित किया जावेगा।

यदि उक्त नियत दिनांक को किसी कारणवश अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण में सुनवाई की जाएगी।

आज दिनांक 28/10/25 को न्यायालय के मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

दिनांक : 28/10/2025

**(श्रीमती तनुश्री गवेल)**
**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायालय वरिष्ठ श्रेणी जिला-धमतरी (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### छेड़छाड़ और हत्या का आरोपी जेल भेजा गया



**कांकेर।** थाना कांकेर के एक मामले में आरोपी खल्लारी निवासी रोहिदास पिता स्व. जल्लूराम के द्वारा घर की दिवाल कूदकर नाबालिक से छेड़छाड़ की नियत से हत्या करने की कोशिश किया गया था। शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 74, 75 (2), 109, 127 (4) बीएनएस, 08, 12 पॉक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रकरण के आरोपी खल्लारी निवासी रोहिदास उसेण्डी पिता स्व. जल्लूराम को घेराबंदी कर 6 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक सोमेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक गीतेश्वर कुलदीप एवं महिला प्रआ हितेश्वरी चेलक व आरक्षक देवदत्त कड़ियाम का अहम भूमिका रहा है।

### पारदर्शिता पर उठ रहे सवाल, प्रशासनिक लापरवाही और विभागीय अनदेखी से बढ़ रहा असंतोष

# सरकारी आवासों पर मनमानी पात्र कर्मचारी आवास से वंचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ब्लॉक मुख्यालय नगरी में सरकारी कर्मचारियों के लिए बनाए गए आवासों में नियमों की अनदेखी और मनमानी की शिकायतें बढ़ती जा रही हैं। पात्र कर्मचारियों को आवास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जबकि कुछ सरकारी भवनों पर वर्षों से ऐसे लोगों का कब्जा बना हुआ है जिनकी तैनाती संबंधित विभागों में नहीं है। इससे सरकारी व्यवस्था की पारदर्शिता और जवाबदेही पर सवाल उठने लगे हैं।

#### कर्मचारियों में रोष, पारदर्शी जांच की मांग

कर्मचारियों का कहना है कि सरकारी आवास का उद्देश्य कर्मचारियों को सुविधा देना था, किंतु अब यह व्यवस्था कुछ लोगों के प्रभाव में आ गई है। कई विभागों ने इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासन से शिकायतें की हैं, लेकिन कार्रवाई के अभाव में असंतोष बढ़ता जा रहा है। कर्मचारी संगठनों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सभी सरकारी आवासों की सूची और आवंटन की स्थिति का सत्यापन कराया जाए तथा जो आवास अपात्रों के कब्जे में हैं, उन्हें नियमानुसार खाली कराया जाए। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि समाधान न मिलने पर वे सामूहिक रूप से जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन का मार्ग अपनाने को विवश होंगे।

#### पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में छह साल से कब्जे का मामला चर्चा में

लोक निर्माण विभाग के आवासों में भी इसी तरह की स्थिति बताई जा रही है। एक सरकारी मकान पर बीते कई वर्षों से विभाग से असंबंधित व्यक्ति का कब्जा है। विभागीय कर्मचारियों द्वारा बार-बार आवास की मांग और उच्चाधिकारियों को पत्राचार किए जाने के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

#### देवपुर जेडी कॉलोनी में अनियमित आवंटन की शिकायत

देवपुर स्थित जेडी कॉलोनी में भी आवास आवंटन को लेकर असंतोष व्यक्त किया जा रहा है। यहां कुछ कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि पात्रों की अनदेखी कर अपात्रों को आवास उपलब्ध कराए गए हैं। इससे नए पदस्थ अधिकारी और कर्मचारी किराए के मकानों में रहने को मजबूर हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरी में शिक्षा, राजस्व, वन, कृषि और पंचायत सहित कई विभागों के लिए अलग-अलग आवास बनाए गए हैं। नियमों के अनुसार इन भवनों में केवल संबंधित विभाग के ही कर्मचारी रह सकते हैं, लेकिन कई स्थानों पर यह व्यवस्था कागजों तक सीमित रह गई है। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि कई बार नोटिस जारी होने के बावजूद अवैध कब्जों को हटाया नहीं गया।

## दिवंगतों के परिजन से मिले कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

विगत दिनों नगर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व. गौरीशंकर शुक्ला के दिवंगत पुत्र स्व. अविनाश शुक्ला व नगर पंचायत नेता प्रतिपक्ष व युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष डुमेश साहू के दिवंगत पिता स्व. धनी राम साहू के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में एआईसीसी सदस्य, पूर्व खनिज विकास निगम अध्यक्ष, पूर्व कैबिनेट राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त गिरिश देवांगन सहित प्रदेश स्तरीय कांग्रेस नेता सन्नी अग्रवाल, आलोक चन्द्राकर, राम गिडलानी, शिवसिंह ठाकुर, देवेन्द्र यादव, सौरभ तिवारी, कृणाल सिन्हा, अधिवक्ता नंदू पटेल सागर ने कुरुद पहुंचकर दिवंगतों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस दौरान श्री देवांगन ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि नियति के सामने हम सब नतमस्तक हैं। किसी भी महान आत्मा का संसार से जाना अति पीड़ादायक व अपूरणीय क्षति होता है, लेकिन हम सब इस दुखद समय पर परिजनों के साथ हैं। भविष्य में भी कांग्रेस परिवार शोकाकुल परिवार के साथ हर समय सहभागी रहेगा।

इस अवसर पर पूर्व विधायक लेखराम साहू, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लौहाना, पूर्व निःशक्त जन आयोग अध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व महापौर विजय देवांगन ,प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव श्रीमती तारिणी चन्द्राकर, पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त सुश्री राजकुमारी दीवान, जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकार, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, युकां राष्ट्रीय सचिव लिली श्रीवास, पार्षद मनीष साहू, उत्तम साहू, पूर्व जनपद सभापति रविन्द्र साहू, महिम शुक्ला सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित थे।

# आमदी से गांधी मैदान तक रन फॉर यूनिटी

- सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिता सहित होंगे विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गुरुवार को रन फॉर यूनिटी तथा विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के संबंध में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने प्रेसवार्ता ली। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि 8 नवंबर को रन फॉर यूनिटी पदयात्रा नगर पंचायत आमदी से शुरु होगी। यह गांधी मैदान धमतरी तक चलेगी। पदयात्रा आमदी से पोटियाडीह, मुजगहन, रत्नाबांधा, घड़ी चौक, मठमंदिर चौक होते हुए गांधी मैदान में आएगी। इस दौरान आमदी, मुजगहन तथा गांधी मैदान में सभा होगी।

कलेक्टर ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की विरासत को सम्मान देने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, माई भारत को नोडल विभाग के रूप में रखते हुए सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर यूनिटी मार्च नामक एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान राष्ट्र निर्माण में किए गए उनके महान योगदान को स्मरण करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। पदयात्रा से पहले जिले के संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सरदार पटेल के जीवन और विरासत पर केंद्रित कार्यक्रम होंगे। जिसमें निबंध प्रतियोगिता का विषय लौह सा संकल्प, लौह सा राष्ट्र, एक भारत आत्मनिर्भर भारत, सरदार पटेल एकीकृत भारत के निर्माता, राष्ट्र सर्वोपरि पटेल से मोदी तक होंगे। वाद विवाद प्रतियोगिता का विषय विविधता में एकता, भारत की सबसे बड़ी शक्ति और उसकी सबसे बड़ी चुनौती भी, स्वदेश केवल एक नीति नहीं बल्कि एक सोच है। युवा नेतृत्व राष्ट्रीय एकता के नया साधन होंगे। वार्ताएं-व्याख्यान के विषय में एकता में शक्ति, आज के युवाओं में आज के युवाओं के पटेल का संदेश, एक भारत का दृष्टिकोण, भारतीय संविधान और लोकतंत्र में पटेल की भूमिका, बारडोली से भारत तक-जनता को सशक्त बनाने पटेल की यात्रा, कर्म के माध्यम से एकता-सशक्त गणराज्य के लिए पटेल के दृष्टिकोण होंगे।

#### नुक्कड़ नाटक व स्वच्छता अभियान



कलेक्टर ने बताया कि सरदार पटेल और सेवा की भावना के उद्देश्य को लेकर पोस्टर बैनर निर्माण और प्रॉप निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। स्वच्छता अभियान, योग एवं स्वास्थ्य सत्र, राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने वाले नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। प्रस्तावित गतिविधियों में अमृत सरोवरों और सामुदायिक क्षेत्र की स्वच्छता गतिविधियां, राष्ट्रीय नायकों की प्रतिमाओं का सफाई अभियान, सार्वजनिक पार्कों में योग और स्वास्थ्य सत्र, चित्रकारी, सफाई एवं पुनर्निर्माण गतिविधियां, स्वदेशी मेले, नशामुक्त भारत और प्रतिज्ञा अभियान शामिल है।

#### तीन माह तक चलेगा गहन पुनरीक्षण

जिले में वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की शुरुआत हो गई है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि प्रिंटिंग, ट्रेनिंग 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक हुई। 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बीएलओ घर-घर जाकर गणना करेंगे। मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसंबर तक किया जाएगा। दावा आपत्ति 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक की जा सकेगी। सूचना चरण सुनवाई सत्यापन 9 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक, अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 29 अक्टूबर की स्थिति में जिले में कुल मतदाता 6,47,147 मतदाता है। सिहावा विधानसभा में 96,364 पुरूष, 1,02,582 महिला कुल 1,98,949 मतदाता है। सिहावा विधानसभा में बीएलओ की संख्या 259 है। कुरूद विधानसभा में 1,07,612 पुरूष तथा 1,08,937 महिला मतदाता के साथ कुल 2,16,550 यहां 237 बीएलओ है। धमतरी विस में 1,12,355 पुरूष तथा 119288 महिला के साथ कुल मतदाताओं की संख्या 2,31,648 है। यहां बीएलओ की संख्या 257 है। जिले में कुल 3,16,331 पुरूष तथा 3,30,810 महिला मतदाता हैं।

### ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा राहगीर भुगत रहे

# सिर्री-फुसेरा नवनिर्माण मार्ग हुआ बदहाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ठेकेदार की मनमानी और पी डब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही से ग्राम सिर्री से फुसेरा- करगा - चटौद की 8.3 किमी सड़क का बुरा हाल है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में न सिर्फ परेशानी होती है बल्कि कई जगहों पर भारी गड्ढों से दुर्घटना का भय भी बना रहता है। सिर्री फुसेरा मार्ग के बीचोंबीच भारतमाला परियोजना के तहत बने ब्रिज के नीचे हल्की बारिश में ही पानी जाम हो जाता है। पानी निकासी का ढलान देखे बिना ही रोड का निर्माण कर दिया गया है। इससे राहगीर परेशान रहते हैं और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

सड़क की यह दुर्दशा घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग, रखरखाव में कमी मरम्मत कार्यों में देरी के कारण हुई है। कुछ मामलों में नई सड़कें भी कुछ ही दिनों में टूट जाती हैं, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी होती है और सरकारी धन के दुरुपयोग का संदेह पैदा होता है।

#### सड़कों की खस्ताहाली के कारण

कुछ नई सड़कों का निर्माण घटिया सामग्री के साथ किया जाता है, जिसके कारण वह कम समय में ही टूट जाती है। देखरेख और रखरखाव की कमी, मरम्मत और रखरखाव के कार्यों में देरी से सड़कों की स्थिति और खराब हो जाती है। जहां सड़कों पर लाखों रुपये खर्च दिखाए जाते हैं, वहीं वास्तविक लागत बहुत कम लगती है, जिससे भ्रष्टाचार की आशंका जताई जाती है। सरकार और स्थानीय प्रशासन सड़क की समस्याओं को लेकर उदासीन दिखाई देते हैं। खस्ताहाल सड़कों के कारण लोगों को यात्रा करने में काफी दिक्कतें होती हैं। घटिया निर्माण और रखरखाव के अभाव में सरकारी धन का दुरुपयोग होता है।

#### दोषियों पर हो कार्रवाई : रघुनंदन

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रघुनंदन साहू ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग द्वारा ठेकेदार को प्रश्रय देकर घटिया स्तर की सामग्री से निर्माण किया जा रहा है। इससे सड़कें बेहद खस्ताहाल हो गई हैं। इसकी तकनीकी जांच करवाकर दोषियों पर कार्रवाई कराई जाएगी।

#### ठेकेदार को समझाइश दी जाएगी

अशोक कुमार मत्स्यपाल सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी विभाग कुरूद ने बताया कि बारिश में काम शुरू करने के कारण गड्ढा एवं कीचड़ हो गया होगा। बारिश में मुरूम ठीक से नहीं मिलने के कारण ठेकेदार ने ज्यादा मात्रा में मिट्टी का उपयोग किया है। मिट्टीयुक्त मुरूम डाली गई होगी। इसमें सुधार किया जाएगा। ठेकेदार को समझाइश दी जाएगी।

### अमलीडीह में 55 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान

**कोर्रा(भखारा)।** रक्तदान महोत्सव जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति एवं ग्रामवासियों ग्राम अमलीडीह में रक्तदान महोत्सव कार्यक्रम रखा गया। मुख्य अतिथि नेमिन माधव साहू, सरपंच, जगदीश राम साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति अमलीडीह, छन्नूलाल साहू अध्यक्ष साहू समाज ग्राम अमलीडीह, राजकुमार यादव अध्यक्ष जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति ग्राम अमलीडीह, कमलेश साहू उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति अमलीडीह, रामस्वरूप साहू सचिव ग्राम पंचायत, दिनेश बनपेला सहसचिव जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति समेत अन्य थे।

# वर्षों पुरानी जर्जर बिल्डिंग में बच्चे गढ़ रहे अपना भविष्य







- 1958 से प्राथमिक शाला चटौद संचालित, देखरेख के अभाव में प्लास्टर उखड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

कुरूद विकासखंड की प्राथमिक शाला चटौद के वर्षों पुराने जर्जर भवन में कक्षाएं लग रही हैं। सुविधाओं की कमी के कारण कई तरह की समस्याएं हैं। परिणामस्वरूप छात्र-छात्राओं के लिए एक सकारात्मक और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण बनाए रखना मुश्किल हो गया है। इस ओर न ही पंचायत और न ही शिक्षा विभाग ध्यान दे रहा है।

प्राथमिक शाला की कक्षाएं 1958 के जर्जर भवन में लग रही हैं। यहां नए भवन की अत्यंत आवश्यकता है लेकिन ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि और शाला प्रबंधन समिति द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शाला की प्रधानपाठिका श्रीमती सुषमा चन्द्राकर ने बताया कि शासकीय भूमि के स्कूल में प्राइवेट स्कूल 14 साल से संचालित हो रहा था। शासकीय स्कूल में संचालित प्राइवेट स्कूल को 7 जुलाई 2024 को बंद किया गया। इसके साथ ही शासकीय प्राथमिक शाला चटौद की 3 एकड़ कृषि भूमि में कुछ लोगों ने कब्जा किया है। उस कृषि भूमि से जो धान की आवक होती है, उस राशि को स्कूल फंड में लगाना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है।

श्रीमती सुषमा चन्द्राकर ने बताया कि शाला भवन में अब जर्जर हो चुका है। लकड़ियों, म्यारों में दीमक लग गया है। जगह- जगह से प्लास्टर उखड़ रह है और छड़ें भी बाहर निकल रही है। इस संबंध में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कुलेश्वर सिन्हा ने बताया कि ग्राम विकास समिति और शाला प्रबंधन समिति को शाला के हित में काम करना चाहिए।




HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### रींवागहन में असामाजिक तत्वों ने पूर्व प्रधानमंत्री के चेहरे पर फेंकी मिट्टी



■ रावां भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कठोर कार्रवाई करने प्रशासन से की मांग

**धमतरी।** ग्राम रींवागहन में असामाजिक तत्वों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा को मिट्टी को ढंक दिया है जो अनैतिक है। इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए रावां भाजपा मंडल अध्यक्ष अमन राव ने कहा कि पुरोधाओं की प्रतिमा के साथ ऐसा करना घिनौना कृत्य है। श्री अटल की विचारधारा मुख्य रूप से भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीयता, लोकतंत्र और देश के विकास पर आधारित रही। अमन राव ने आगे कहा कि जो भी असामाजिक तत्वों ने इस घटना को अंजाम दिया गया है, उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। किसी भी पुरोधाओं की प्रतिमाओं को खंडित करना अमानवीकृत है। श्री राव ने आगे कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेई देश के पूर्व प्रधानमंत्री, महान कवि, भारत रत्न से सम्मानित व सुशासन के प्रणेता है। उनकी प्रतिमा के साथ इस प्रकार का कृत्य करना देश के सम्मान को ठेस पहुंचाना है।

### हजारों छात्रों का भविष्य कागजों में फंसा, पालक हो रहे परेशान

# आधार की गड़बड़ी से अटका अपार मिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले के स्कूलों में बच्चों की डिजिटल पहचान तैयार करने का काम अटका पड़ा है। शिक्षा विभाग ने पहली से बारहवीं तक के करीब 1.50 लाख छात्रों की अपार आईडी बनाने का लक्ष्य तय किया था, लेकिन अब तक 20 हजार से ज्यादा छात्रों की आईडी नहीं बन पाई है। इसका कारण आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र में गड़बड़ी है।

अपार आईडी को शिक्षा जगत में डिजिटल क्रांति का अहम कदम माना जा रहा है। यह छात्रों की पूरी शिक्षा यात्रा का ऑनलाइन रिकॉर्ड होगा जैसे अंकसूची, प्रमाण पत्र, इंटर्नशिप और छात्रवृत्ति संबंधी जानकारी। लेकिन धमतरी में यह योजना आधार की त्रुटियों में उलझ गई है।

कलेक्ट्रेट में हुई समीक्षा बैठक में जिला अधिकारियों ने सभी स्कूल प्रमुखों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि हर बच्चे की आईडी बननी चाहिए। इसी के तहत अब कई स्कूलों में आधार सुधार शिविर और सहमति फार्म कैम्पेन चलाए जा रहे हैं, ताकि छात्रों का डेटा सही किया जा सके और प्रक्रिया तेज हो।

#### क्यों जरूरी है अपार आईडी

यह छात्रों का डिजिटल लॉकर बनेगा, जिसमें उनकी पढ़ाई से जुड़ी सभी जानकारी एक जगह सुरक्षित रहेगी। इससे फर्जी डिग्री और नकली प्रमाण पत्रों पर रोक लगेगी। छात्रवृत्ति, एडमिशन और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे छात्रों तक पहुंचेगा और जो बच्चे स्कूल छोड़ चुके हैं, उन्हें मुख्यधारा में वापस लाने में भी मदद मिलेगी। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग अब पूरी कोशिश में हैं कि 31 दिसंबर तक सभी छात्रों की अपार आईडी तैयार हो जाए। अगर यह लक्ष्य पूरा होता है, तो जिला डिजिटल शिक्षा मिशन की दिशा में बड़ी उपलब्धि दर्ज करेगा। लेकिन अगर गड़बड़ियां दूर नहीं हुईं, तो हजारों छात्रों का डिजिटल भविष्य अधर में लटक सकता है।




#### पालक अस्पताल, निगम व पंचायतों के चक्कर काट रहे

बच्चों का दस्तावेज सुधारने के लिए पालक अब अस्पतालों, नगर निगमों और ग्राम पंचायतों में चक्कर काट रहे हैं। जन्म प्रमाण पत्र में सुधार करवाने में 10 से 15 दिन लग रहे हैं। कई अभिभावक थक चुके हैं, लेकिन बिना सही दस्तावेजों के आईडी बनना संभव नहीं।

#### नाम में फर्क, सिस्टम ने रोका काम

जिन छात्रों के नाम या सरनेम आधार और जन्म प्रमाण पत्र में अलग-अलग है, उनकी आईडी बन ही नहीं पा रही। कहीं अंग्रेजी स्पेलिंग गलत है, तो कहीं उपनाम गायब। एक छोटी सी गलती पूरी प्रक्रिया रोक रही है। एक भी अक्षर गलत हुआ, तो सिस्टम रिजेक्ट कर देता है। अक्टूबर में दशहरा और दीपावली की लंबी छुट्टियों के चलते स्कूलों में काम लगभग ठप रहा। पहले 31 अक्टूबर तक अपार आईडी बनाने की डेडलाइन थी, लेकिन काम अधूरा रह गया। अब प्रशासन ने नई समय सीमा 31 दिसंबर 2025 तय की है और स्कूलों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी भी हालत में काम पूरा किया जाए।

## प्रभु से बढ़कर कोई सुख, संपदा नहीं : आचार्य रामप्रताप शास्त्री

■ कथा का श्रवण करने उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



धर्म नगरी धमतरी में श्रीमती रंभा पदमवार की स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन आचार्य रामप्रताप शास्त्री महाराज ने कथा प्रवचन में कहा कि प्रभु से बढ़कर कोई और सुख या संपदा नहीं है। मनुष्य का जीवन सांसारिक भोग-विलास के लिए नहीं, बल्कि कृष्णभक्ति में व्यतीत करने के लिए मिला है।

कथा के प्रथम दिवस उन्होंने अमर कथा और शुकदेवजी के जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि ठाकुरजी की कृपा से ही मनुष्य को कथा श्रवण का सौभाग्य प्राप्त होता है। भागवत कथा का रसपान वही कर पाता है जिसे स्वयं गोविंद प्रदान करते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि कथा सुनने के लिए सद्भाव, प्यास और सीखने की भावना लेकर आएं, क्योंकि यह कथा केवल सुनने भर से नहीं, बल्कि जीवन में परिवर्तन का संदेश देती है। दूसरे दिन के प्रवचन में उन्होंने कहा कि जो मनुष्य कृष्ण को अपना जीवन उद्देश्य बना लेता है, उसके लिए प्रभु से बढ़कर कोई धन, सुख या संपदा नहीं होती। भागवत कथा सुनने मात्र से व्यक्ति का कल्याण होता है। इस अवसर पर विद्वत परिषद् के अध्यक्ष अशोक शास्त्री, नरेश महाराज, वीणा पदमवार, अरविंद निर्मलकर, सुनील साहू, चेतन सिन्हा, पोषण सिन्हा सहित अनेक भक्तों ने कथा का श्रवण किया।

## धमतरी में हाईटेक थोक सब्जी मंडी की मांग

■ जर्जर गोदामों में सब्जी रख रहे व्यापारी, जान-माल का खतरा

■ अध्यक्ष ने कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध संचालक और कलेक्टर को पत्र भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर के थोक सब्जी व्यापारियों ने अब आधुनिक सुविधाओं से युक्त हाईटेक थोक सब्जी मंडी की मांग तेज कर दी है। थोक सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष कैलाश यादव ने छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध संचालक और कलेक्टर को पत्र भेजकर इस संबंध में तत्काल पहल करने की अपील की है।

श्री यादव ने पत्र में बताया कि श्यामतराई स्थित नवीन कृषि उपज मंडी परिसर में तत्कालीन कलेक्टर भीम सिंह के निर्देश पर 29 दुकान-गोदामों को अस्थायी रूप से सब्जी व्यापारियों को आवंटित किया गया था। लेकिन अब ये गोदाम जर्जर अवस्था में पहुंच चुके हैं, जिससे जान-माल की क्षति का खतरा बना हुआ है।

व्यापारियों ने बताया कि बरसात के दौरान गोदामों की दीवारें और छतें टपकने लगती हैं, जिससे सब्जियां खराब हो जाती हैं और भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है।

उन्होंने बताया कि मंडी परिसर का अब तक सीमेंटीकरण नहीं किया गया, जिससे बारिश के दिनों में यहां घुटनों तक कीचड़ भर जाा है और व्यापारिक गतिविधियां ठप पड़ जाती हैं। वहीं गर्मी में धूल और मिट्टी से ग्राहकों और व्यापारियों को भारी परेशानी होती है।

गोदामों के चारों ओर घेराबंदी न होने के कारण यहां मवेशियों का जमघट बना रहता है, जो सब्जियों को नुकसान पहुंचाते हैं। रात्रि के समय असामाजिक तत्वों की भी आवाजाही रहती है और कई बार चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द हाईटेक सब्जी मंडी का निर्माण कराकर व्यापारियों को सुरक्षित और आधुनिक दुकानें उपलब्ध कराई जाएं, ताकि शहर का थोक सब्जी व्यापार व्यवस्थित ढंग से संचालित हो सके और किसानों व ग्राहकों को बेहतर सुविधा मिले।

## नगर के दिव्यांग चित्रकार को मिलेगा राष्ट्रीय पुरस्कार





हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

हौसले अगर बुलंद हों तो कोई दिव्यांगता राह में रुकावट नहीं बनती। इसका जीवंत उदाहरण हैं धमतरी जिले के कुरुद निवासी प्रसिद्ध चित्रकार बसंत साहू जिन्हें भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार 2025 अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन श्रेणी में चुना गया है।

बसंत को यह सम्मान 3 दिसंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाएगा। यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर होगा।

बता दें कि 52 वर्षीय बसंत साहू की जीवन यात्रा संघर्ष और प्रेरणा दोनों का प्रतीक है। 15 सितंबर 1995 को एक सड़क दुर्घटना में उनकी रीढ़ की हड्डी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे उनका 95% शरीर निष्क्रिय हो गया। डॉक्टरों ने साफ कह दिया कि वे कभी सामान्य रूप से नहीं चल पाएंगे, लेकिन इसी कठिनाई के बीच उन्होंने अपनी चित्रकला की यात्रा शुरू की। बिस्तर पर लेटे-लेटे दीवारों पर लगी तस्वीरों को देखते हुए उनमें चित्र बनाने की इच्छा जागी और उन्होंने कागज पर अपनी कल्पनाओं के रंग बिखेरने शुरू किए।

### कला से हुई पहचान, अब राष्ट्रपति करेंगे सम्मान

#### ▶ व्हीलचेयर से कैनवास तक का सफर

बता दें कि बसंत साहू व्हीलचेयर पर बैठकर चित्र बनाते हैं। अपने दाएं हाथ में एक पट्टा बांधकर ब्रश को फंसा लेते हैं और उसी से रंगों को कैनवास पर उतारते हैं। उनके लिए एक चित्र तैयार करने में चार से पांच दिन का समय लगता है, लेकिन हर चित्र में संवेदनशीलता, गहराई और भावनात्मक अभिव्यक्ति का अद्भुत संगम झलकता है। उनकी हजारों कलाकृतियां आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थानों, सरकारी भवनों और निजी कार्यालयों की शोभा बढ़ा रही हैं।

#### ▶ बने प्रेरणास्त्रोत

बसंत साहू आज उन सभी के लिए प्रेरणा का प्रतीक है जो जीवन की कठिन परिस्थितियों में हार मान लेते हैं। उन्होंने साबित किया है कि दिव्यांगता शरीर में हो सकती है, मन में नहीं। उनकी कहानी सिर्फ एक कलाकार की नहीं, बल्कि अदम्य साहस और आत्मविश्वास की मिसाल है।

#### पेंटिंग में झलकता है सौंदर्य, संवेदनशीलता और संघर्ष

बसंत साहू की कला में लोक संस्कृति, प्रकृति और समकालीन समाज के चित्र जीवंत रूप में दिखाई देते हैं। उनकी हालिया चित्र श्रृंखला स्थानीय कला जगत में चर्चा का केंद्र बनी हुई है। कला विशेषज्ञों का कहना है कि बसंत की पेंटिंग्स में सौंदर्य, संवेदनशीलता और संघर्ष की कहानी एक साथ झलकती है। भारत सरकार ने 31 अक्टूबर को आधिकारिक पत्र जारी कर बसंत साहू को इस सम्मान के लिए चयनित किया है। अब वे 3 दिसंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति के हाथों राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त करेंगे।

## कुकरेल में वन भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत, कलेक्टर से कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगरी विकासखंड के ग्राम कुकरेल निवासी नरेंद्र सिंह राजपूत ने कलेक्टर को आवेदन देकर गांव में वन भूमि पर किए जा रहे अवैध कब्जे की शिकायत की है।

आवेदक ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि ग्राम कुकरेल में एक व्यक्ति द्वारा अपनी निजी भूमि के सामने स्थित वन भूमि क्रमांक 163 पर अवैध तरीके से कब्जा कर वहां मिट्टी डाली जा रही है। यह कार्य कई दिनों से लगातार जारी है। बताया गया है कि अब तक लगभग 20 ट्रक मिट्टी वन भूमि पर डाली जा चुकी है।

शिकायतकर्ता ने बताया कि इस संबंध में पहले भी वन विभाग को जानकारी दी गई थी, लेकिन विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आरोप है कि वन विभाग के कर्मचारियों की मौन सहमति से यह अवैध कार्य निरंतर चल रहा है।

नरेंद्र सिंह राजपूत ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा संबंधित विभागीय कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह के वन भूमि अतिक्रमण की पुनरावृत्ति न हो।

## रेत घाटों के ठेका के लिए सिंडीकेट सक्रिय

### ठेका पाने माफिया कई नाम से लगा रहे ऑनलाइन बोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गुरूवार को तेन्दूकोन्हा तथा मुड़पार रेत खदान की ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ई-नीलामी शुरू हो गई है। शहर के करीब इन खदानों को लेकर रेत माफिया सक्रिय हो गए हैं। सिंडीकेट बनाकर सक्रिय माफिया कई लोगों के नाम से बोली लगाने के काम में जुट गए हैं। बताया जा रहा है कि दोनों खदान में करीब 1 हजार बोलीदार नीलामी में भाग लेंगे।

जिले में रेत का काला कारोबार खूब फल-फूल रहा है। रेत खदानों में सरकारी नियम हमेशा ताक पर रहता है। बिना ट्रांजिट पास के परिवहन हो या नियम विरूद्ध पोकलेन मशीनों से रेत लोडिंग यहां सब कुछ जायज है। लोडिंग और रायल्टी का दाम पूछो मत, सरकारी दर से 4 गुना अधिक राशि प्रशासन की नाक के नीचे से वसूली जाती है। रेत घाटों में सफेद पोश नेताओं के वरदहस्त को इसकी बड़ी वजह मानी जाती है। खनिज विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले की तीन खदान इस माह नीलाम होने जा रही है। मुड़पार और तेन्दूकोन्हा खदान की ई-नीलामी 6 नवम्बर से 12 नवम्बर तक है। जबकि जोरातराई खदान की नीलामी 19 से 25 नवम्बर तक होगी। इस बार नीलामी की प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से हो रही है जिससे नीलामी में पारदर्शिता आएगी।

#### प्रत्येक व्यक्ति के नाम से 10 हजार लागत

सूत्र बताते हैं कि शहर का प्रमुख माफिया तेन्दूकोन्हा घाट के लिए 200 से अधिक व्यक्ति के नाम से ई-नीलामी में भाग ले रहा है। इस खदान के लिए सिंडिकेट 20 लाख रूपये का दांव लगाएगा। इसी तरह कई संबंधित ठेकेदार हैं जो 20,-50 व्यक्तियों के नाम से ई-टेंडर में भाग लें।



#### कई नाम से भरेंगे टेंडर

विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शराब दुकानों का ठेका बंद होने के बाद इससे जुड़े कई ठेकदार रेत घाटों के काम में जुट गए हैं। शासन इस बार रेत घाटों की ई-नीलामी कर रहा है, जिसमें बोलीदार को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना जरूरी है। इसके साथ पेन कार्ड या टिन नवम्बर या जीएसटीएनआधार कार्ड, जिला विशेष में 1 तथा प्रदेश में 5 रेत खदान एक व्यक्ति को मिल सकता है। बताया जा रहा है कि जिले में कई माफिया हैं जिनके अलग-अलग सिंडीकेट हैं जो व्यक्तियों का एक समूह है। प्रत्येक माफिया दर्जनों से लेकर सैकड़ों लोगों के नाम से नीलामी में भाग लेते हैं। भारी संख्या में एक ही समूह के लोगों का आवेदन होने से रेत घाट का टेंडर मिलने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

## यूथ हॉस्टल्स ने मनाया दिवाली मिलन समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की धमतरी यूनिट ने दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस दौरान वरिष्ठ ट्रैकर चंद्रकांत गांधी का सम्मान किया गया।

इस दौरान मजेदार गेम्स एवं रंगारंग कार्यक्रम हुए जिसमें सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। गेम्स काजल मुंजवानी, एकता सिंह और मनीष चंद्राकर ने करवाया। कार्यक्रम में चेयरमैन हुकुम चंद जैन, सचिव सुबोध महावर, अध्यक्ष रमेश देव, उपाध्यक्ष मनीष चंद्राकर, अनंत दीक्षित, योगेश गुप्ता, कमलेश कोठारी, व्यंकटेश साहू सहित कई वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे।

सुरेंद्रपुरी गोस्वामी ने बताया कि यूथ हॉस्टल्स की स्थापना 1932 में जर्मनी में हुई थी, जिसका उद्देश्य युवाओं को सस्ते और स्वच्छ आवास प्रदान करना था। युवाओं को एक दूसरे के साथ जुड़ने, संस्कृति और पर्यावरण के बारे में जानने, नए अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान करना है।

समारोह में हेमंत डेकाटे, धनंजय सोनकर, एकता सिंह, घनश्याम सोनी, राधेश्याम अग्रवाल, कमलेश कोठारी, दिलीप देवांगन, लक्ष्मी देवांगन, योगेश गुप्ता, नितिन राठौर, अशोक देवांगन, नरेन्द्र गोलछा, राजकुमारी साहू, हर्ष साहू, अभय साहू, वैष्णवी गुप्ता, नंदिनी सोनकर, उर्शिता सोनकर, वैदिक सोनकर, डॉ. कीर्ति महावर, डॉ. भूपेंद्र साहू, दीक्षा साहू, डॉ. अमर सिंह साहू, शकुंतला साहू, पूजा साहू, डॉ. अनंत दीक्षित, ओमी शर्मा, विजय अग्रवाल, चंद्रकांत गांधी, तुषार गांधी, सुरेंद्रपुरी गोस्वामी समेत अन्य उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय एकता, पौधों की सुरक्षा का लिया संकल्प

**धमतरी।** राष्ट्रीय एकता दिवस एवं अक्षय आंवला नवमी पर्व पर कन्या आश्रम शाला भोथापारा में देव वृक्ष आंवला एवं प्रकृति देवता का पवित्र मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया गया। इस अवसर पर गायत्री महिला मण्डल की सदस्य एवं शाला प्रभारी श्रीमती देवकी नाग ने कहा कि पेड़ पौधे एवं हरियाली धरती के श्रृंगार हैं। पेड़ पौधों से हमें जीवन उपयोगी बहुत चीजें प्राप्त होती है। इसलिए हमें पौधरोपण कर उनकी सुरक्षा करना चाहिए।

### छात्रों को बताए नशे से होने वाले दुष्प्रभाव

**धमतरी।** शासकीय माध्यमिक शाला अरौद में नशामुक्ति केंद्र गोकुलपुर धमतरी द्वारा नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम एवं शपथ ग्रहण कराया गया। इस दौरान छात्रों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। नशा शरीर और मन दोनों पर बुरा प्रभाव डालता है। इससे मानसिक दुष्प्रभाव, याददाश्त कमजोर होना, निर्णय लेने की क्षमता कम होना, चिड़चिड़ापन और गुस्सा बढ़ना, अवसाद व आत्महत्या के विचार आते हैं।

स्वामी जी-93406-38884
By Train-रिजर्वशन कोच
राजस्थान यात्रा
जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर
अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
यात्रा दिनांक 05 दिसंबर 2025 15 जनवरी 2026 11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-27,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 12,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 20 फरवरी 2026 (8 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर), माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि स्लीपर 12,100/-, 3 एसी-20,500/-, 2 एसी 25,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-30 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020